श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
13.11.2026
कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्थी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 79

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:04 बजे
अस्त - 05:15 बजे

तापमान
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | नहाय खाय आज | >> पेज 03 | 'टॉक्सिक' के दृश्यों को लेकर कियारा ने दी सफाई >> पेज 05

सुविचार

एक हीरो किसी आम आदमी से ज्यादा बहादुर नहीं होता, लेकिन वह पाँच मिनट तक ज्यादा बहादुर रहता है।

न्यूज अपडेट्स

एनएच-75 पर भीषण हादसा, बाइक पर सवार तीन दोस्तों की मौत

लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र के हुरहुरी के समीप गुरुवार शाम एनएच-75 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नामुदाग गांव निवासी हीरामन नायक, ननकू नायक और पंकज नायक के रूप में हुई है। तीनों एक ही बाइक से चरवाडीह से घर लौट रहे थे। हादसे में हीरामन और ननकू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पंकज ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीनों ने हेलमेट नहीं पहना था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-75 जाम कर दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 को

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद की अगली बैठक 18 नवंबर को होगी। बैठक दोपहर तीन बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा होगी और कई निर्णय लिये जाने की संभावना है।

छठ पर झारखंड में सुरक्षा का अभेद्य पहरा : 13 नवंबर की सुबह से 16 नवंबर तक तैनात रहेंगे अतिरिक्त जवान

झारखंड के 14 जिलों में उतारी गयी अतिरिक्त पुलिस फोर्स

महिला सुरक्षा से लेकर भीड़ नियंत्रण तक विशेष निगरानी

रांची। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस ने सुरक्षा का व्यापक खाका तैयार किया है। राज्य के संवेदनशील जिलों में किसी भी अप्रिय घटना, असामाजिक गतिविधि और कानून-व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती का आदेश जारी किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा के निर्देश पर आईजी अभियान नरेंद्र कुमार सिंह ने 14 जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल, रैपिड एक्शन पुलिस, महिला लाठी बल और अश्रु गैस दस्तों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की है।

पुलिस मुख्यालय के इस फैसले का उद्देश्य छठ घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। खासकर अर्घ्य के समय घाटों पर होने वाली भीड़, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। जिलों के पुलिस अधीक्षकों की ओर से अतिरिक्त बल की जितनी मांग की गई थी, पुलिस मुख्यालय ने उसे पूरा कर दिया है।



14 जिलों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती

पुलिस मुख्यालय के आदेश के मुताबिक रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, लोहरदगा, गिरिडीह, सरायकेला, बोकारो, पलामू, गढ़वा, लातेहार, रामगढ़, देवघर, धनबाद और साहिबगंज में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। इन जिलों में 13 नवंबर की सुबह से 16 नवंबर की सुबह तक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति प्रभावी रहेगी।



पर्व संपन्न होने के बाद 16 नवंबर की दोपहर से रांची और जमशेदपुर में पहले से तैनात बलों को छोड़कर अन्य जिलों में भेजे गए अतिरिक्त जवानों को उनकी मूल वाहिनी और इकाई में वापस भेजने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को तैनाती और वापसी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

महिला सुरक्षा पर विशेष जोर, सादे कपड़ों में भी होगी निगरानी

छठ घाटों पर बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे पहुंचते हैं। इसे देखते हुए महिला सुरक्षा को पुलिस की प्राथमिकता में रखा गया है। घाटों और आसपास के भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। छिनतई, चोरी, छेड़खानी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विशेष निगरानी करेगी।

जरूरत के अनुसार सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि भीड़ का फायदा उठाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों की पहचान की जा सके। इसके अलावा संवेदनशील घाटों और अधिक भीड़ जुटने वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है।

घाटों से सड़कों तक रहेगी पुलिस की नजर

छठ के दौरान सुरक्षा की चुनौती केवल घाटों तक सीमित नहीं रहती। श्रद्धालुओं के आवागमन के कारण प्रमुख सड़कों, बाजारों और घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों पर भी दबाव बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस को यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। घाटों के आसपास वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने, भीड़ को व्यवस्थित रखने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की तैयारी की गई है।

पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने का निर्देश दिया है। छठ घाटों की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है।

गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि छठ देशभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाने वाला पवित्र पर्व है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। सभी जिलों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई है। जहां जितने अतिरिक्त बल की आवश्यकता बताई गई थी, वहां उस मांग को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छठ के दौरान सामान्यतः आपराधिक घटनाएं कम देखने को मिलती हैं, लेकिन पुलिस किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतेगी। पूरे पर्व के दौरान लगातार निगरानी रखी जाएगी। किसी को भी शरारत करने, माहौल बिगाड़ने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का संदेश स्पष्ट है कि आस्था के इस महापर्व में श्रद्धालु निर्भय होकर घाटों तक पहुंचें और अर्घ्य अर्पित करें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए पुलिस बल को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

सांसद आदर्श ग्राम का तमगा, फिर भी बदहाली का दंश झेल रहा घासीदाग : आठवीं के बाद बच्चों की पढ़ाई पर भी संकट

धुरिया नदी ने रोक रखी है जिंदगी की रफ्तार, मरीजों के लिए चारपाई ही एम्बुलेंस

नीलू चौबे

श्री बंशीधर नगर। कभी उग्रवाद की मार झेलने वाला घासीदाग आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। विडंबना देखिए कि वर्ष 2019 में इस पंचायत को सांसद आदर्श ग्राम पंचायत घोषित किया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी यहां के ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन की बदहाली पंचायत की पहचान बन गई है। धुरिया नदी पर पुल नहीं होने से हजारों लोगों की जिंदगी की रफ्तार थम गई है। करीब 6,500 की आबादी और 3,700 मतदाताओं वाली इस पंचायत की समस्याएं दूर से ही विकास के दावों की हकीकत बयां करती हैं। प्रखंड मुख्यालय से पंचायत की दूरी करीब 25 किलोमीटर है। कजरू कला से घासीदाग तक लगभग सात किलोमीटर का रास्ता आज भी कच्चा है। बरसात में इस रास्ते पर आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। धुरिया नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांव का संपर्क प्रभावित हो जाता है।

मरीजों के लिए चारपाई ही एम्बुलेंस

पंचायत में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक है। करीब पांच वर्ष पहले स्वास्थ्य भवन का निर्माण कराया गया, लेकिन ग्रामीणों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाता है। कई बार मरीजों को चारपाई पर लादकर ले जाना पड़ता है।



सड़क और पुल के अभाव में समय पर इलाज मिलना भी मुश्किल हो जाता है।

8वीं के बाद पढ़ाई के लिए 10 किमी का सफर

शिक्षा के क्षेत्र में भी पंचायत पिछड़ी हुई है। यहां केवल एक मध्य विद्यालय है। आठवीं कक्षा पास करने के बाद बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए करीब 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। गरीब परिवारों के बच्चों, विशेषकर छात्राओं के लिए रोजाना इतनी दूरी तय करना आसान नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

आदिम जनजाति की बड़ी आबादी

पंचायत के राजखड़ गांव में आदिम जनजाति की बड़ी आबादी निवास करती है। इसके अलावा पंचायत में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों की बहुलता है। सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर इन परिवारों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार की सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। सवाल यह है कि सांसद आदर्श ग्राम का दर्जा मिलने के बावजूद घासीदाग की तस्वीर क्यों नहीं बदली? जिस पंचायत में मरीज चारपाई पर ढोए जाते हों, बच्चों को आठवीं के बाद पढ़ाई के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता हो और नदी पर पुल तक नहीं हो, वहां विकास के दावों की हकीकत क्या है? ग्रामीणों को अब घोषणाओं नहीं, धरातल पर विकास की जरूरत है।

फैक्ट फाइल

आबादी : करीब 6,500
मतदाता : करीब 3,700
प्रखंड मुख्यालय से दूरी : 25 किमी
कच्चा रास्ता : 7 किमी
विद्यालय : एक मध्य विद्यालय
आठवीं के बाद पढ़ाई : 10 किमी दूर
स्वास्थ्य भवन : करीब पांच वर्ष पुराना
बड़ी समस्या : धुरिया नदी पर पुल नहीं
विशेष पहचान : 2019 में सांसद आदर्श ग्राम घोषित

छठ पर्व को लेकर प्रशासन मुस्तैद, बीडीओ व थाना प्रभारी ने घाटों का किया निरीक्षण



बंशीधर न्यूज

बरडीहा : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बरडीहा प्रखंड प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा समितियों के सदस्यों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बीडीओ ने व्रतियों और श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्तों में मौजूद गड्ढों को शीघ्र भरकर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिये। बीडीओ ने कहा कि छठ लोक आस्था का महत्वपूर्ण महापर्व है। इसकी पवित्रता और शुचिता बनाये रखने में साफ-सफाई की अहम भूमिका है। प्रशासन पर्व को लेकर पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने पूजा समितियों और स्थानीय नागरिकों से घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। उन्होंने लोगों से पर्व के दौरान शांति, भाईचारा और अनुशासन बनाये रखने का आग्रह किया, ताकि छठ पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण से ग्रामीणों और व्रतियों में तैयारियों को लेकर संतोष देखा जा रहा है।

न्यूज अपडेट्स

कोयल नहर के रिमॉडलिंग कार्य शुरू होने से इस बार छठ व्रति नहीं दे सकेंगे अर्घ्य

मेदिनीनगर। इस वर्ष मुख्य कोयल नहर में छठ पर्व का अनुष्ठान करने वाले व्रतियों के लिए निराशाजनक खबर है। पलामू जिले के मोहम्मदगंज, हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंड के नहर किनारे बसे सैकड़ों गांवों के छठ व्रती इस बार नहर के पानी में सूर्य को अर्घ्य नहीं दे सकेंगे। इन गांवों के ग्रामीण नहर की बहती जलधारा में उपवास रखकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं और छठ व्रत की प्रक्रिया और अनुष्ठान पूरा करते हैं। यह परंपरा पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही है। नहर किनारे बने सैकड़ों घाटों पर छठ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। व्रती पूरी रात नहर किनारे ठहरते हैं और अस्ताचलगामी एवं उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही घर लौटते हैं, लेकिन इस वर्ष नहर में पानी नहीं छोड़े जाने के कारण यह परंपरा प्रभावित होगी। नहर में छठ व्रतियों के लिए पानी नहीं छोड़े जाने के संबंध में मोहम्मदगंज भीम बराज के अवर प्रमंडल पदाधिकारी सूलेंद्र कुमार ने गुरूवार को बताया कि 31 अक्तूबर को खरीफ सिंचाई के बाद नहर में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है। इसके बाद नहर का पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा लाइनिंग कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। कोयल नहर के झारखंड की सीमा में पड़ने वाले 31 किलोमीटर के हिस्से में 101 आरडी से काम शुरू हो गया है। इस कारण इस वर्ष छठ के मौके पर नहर में पानी नहीं छोड़े जाने की विभागीय अधिसूचना जारी की गई है।

महापर्व छठ महापर्व को लेकर बदली रांची के घाटों की तस्वीर

74 घाटों पर खास इंतजाम



रांची। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी रांची में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के तालाबों और छठ घाटों की तस्वीर इस बार बदली-बदली नजर आ रही है।

कहीं घाटों की साफ-सफाई और रंग-रोगन किया जा रहा है, तो कहीं आकर्षक सजावट के जरिए उन्हें नया स्वरूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने इस बार विशेष तैयारी की है।

शहर के 74 छठ घाटों को चिह्नित कर वहां व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

छठ के दौरान शहर के पारंपरिक तालाबों और घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में जलाशयों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए नगर निगम ने कई स्थानों पर कृत्रिम तालाब भी तैयार कराए हैं। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को नजदीक में ही अर्घ्य देने की सुविधा उपलब्ध कराना और प्रमुख घाटों पर भीड़ का दबाव कम करना है।

वहीं, इस बार छठ घाट बनाने की परंपरा का विस्तार सार्वजनिक स्थलों से निकलकर निजी परिसरों तक भी पहुंच गया है।

शहर में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों के आंगन और छतों पर ही छोटे-छोटे कृत्रिम जलाशय तैयार कर रहे हैं। इनमें पानी भरकर छठ पूजा करने की तैयारी की जा रही है। इससे उन परिवारों को भी सुविधा मिल रही है, जिन्हें किसी कारणवश सार्वजनिक घाटों तक पहुंचने में परेशानी होती है।

नगर निगम की ओर से घाटों पर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। कोशिश है कि छठ के दौरान घाटों पर आने-जाने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और पूरा आयोजन व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि इस वर्ष छठ व्रतियों को स्वच्छता और सुविधाओं के लिहाज से पहले से बेहतर घाट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

सभी चिह्नित घाटों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

खास बात यह है कि पहली बार इतने व्यापक स्तर पर घाटों को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। तालाबों के आसपास जमा कचरे को हटाने के साथ घाटों की सफाई, रंग-रोगन और पहुंच पथ को दुरुस्त किया जा रहा है।

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि सभी छठ घाटों व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

पीपा पुल की स्वीकृति, आरसीसी बॉक्स ब्रिज का टेंडर!

97.56 लाख की योजना पर उठे सवाल, डीसी से रोक लगाने की मांग

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : गढ़वा नगर परिषद की ओर से दानरो नदी में संघत मुहल्ला स्थित स्टूडेंट्स क्लब एवं फ्रेंड्स क्लब से टंडवा दबगर मुहल्ला के बीच पुल निर्माण के लिये जारी टेंडर विवादों में घिर गया है। जागरूक नागरिक जितेन्द्र सिन्हा ने डीसी को आपत्ति पत्र सौंपकर 97.56 लाख रुपये की इस योजना की निविदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। श्री सिन्हा का आरोप है कि डीसी कार्यालय ने 14 अक्टूबर 2026 को उक्त स्थल पर 94.44 लाख रुपये की लागत से पीपा पुल



निर्माण की सशर्त स्वीकृति दी थी, लेकिन नगर परिषद ने 6 नवंबर को Precast RCC Box Cell Bridge निर्माण का टेंडर जारी कर दिया। उन्होंने इसे स्वीकृति आदेश की शर्तों के विपरीत बताया है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2022-23 में पुल-पथ निर्माण, जल संसाधन विभाग और अंचल कार्यालय की संयुक्त टीम इसी स्थल को पक्के पुल के लिये अनुपयुक्त बता चुकी है। श्री सिन्हा ने आशंका जताई कि बॉक्स ब्रिज से नदी का जलप्रवाह बाधित होने, नालियों के गंदे पानी का जमाव और आसपास के भू-जल के दूषित होने का खतरा है। उन्होंने पूर्व में 3.30 करोड़ रुपये के चेकडैम से उत्पन्न जलजमाव की स्थिति का भी हवाला दिया। उन्होंने डीसी से टेंडर पर रोक, संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण और अंतर-विभागीय तकनीकी समिति गठित कर स्थल व डीपीआर की जांच कराने की मांग की है।

विधायक के विकास कार्य से घबराकर झामुमो के लोग : रितेश चौबे

विकास विरोधी बयान दे रहे झामुमो नेता

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो पर तिखा हमला बोलते हुये कहा कि झामुमो के लोग विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के विकास कार्य से घबराकर विकास विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पूर्व की भाजपा रघुवर सरकार के काम का फीता काट रहे थे जो सर्वविदित है। लेकिन फिलहाल जो भी काम गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है वह गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के प्रयास से हो रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग काम में बाधक बनने का काम करते हैं। गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी नाम नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास के लिये दिन-रात काम करने में लगे रहते हैं, ओछी राजनीति झामुमो का काम रह गया है। अभी कुछ दिनों पहले झामुमो के लोग खुद स्वीकार किये हैं कि उन्होंने टेंडर रद कराया है। सत्ता सरकार के घमंड में चूर



होकर हार के हताशा में झामुमो के लोग विकास विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं तथा दुसरे के काम को अपना बताना झामुमो का चरित्र रहा है। कुछ दिन पहले झामुमो के लोग फोरलेन बाईपास को भी अपनी उपलब्धि बताते चल रहे थे।पिछले पांच साल 2019-2024 तक सिर्फ लुट खसोट ही झामुमो का विकास रहा है, जनहित में कोई काम नहीं हुआ था। गढ़वा में जब परिवर्तन हुआ उसके बाद ही जनता का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि हार के हताशा में झामुमो के लोग कुछ भी बोलते चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोगों को यह बताना चाहिये कि राज्य सरकार का कितना विकास का योजना धरातल पर चल रहा है। केन्द्र सरकार का योजना से ही झारखंड में विकास का काम हो रहा है। झामुमो सरकार में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। युवाओं की नौकरी तक खुलेआम बेचा गया। वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन तक गरीबो को नहीं मिल रहा है, जिसे यहां की जनता देख समझ रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में सिर्फ अराजकता बढ़ा है। यह बात भी झामुमो के लोगों को स्वीकार करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में 2029 में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और ऐतिहासिक विकास कार्य होगा।

भीमखाड़ के कॉलोनी टोला में वित्तीय एवं बीमा जागरूकता शिविर



मेराल : प्रखंड के भीमखाड़ गांव के वार्ड संख्या एक स्थित कॉलोनी टोला में संतृप्त ग्राम बनाने के उद्देश्य से बीसी के सहयोग से वित्तीय एवं बीमा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था अग्रगति के सीएफएल को-ऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा एवं प्रशिक्षिका अंजू कुमारी ने ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन और वित्तीय साक्षरता की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को बचत एवं बजट बनाने, बैंक खाता खुलवाने और उसके लाभ, डिजिटल भुगतान के सुरक्षित उपयोग तथा साईबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना के लाभों से अवगत कराया गया। खाताधारकों को अपने बैंक खातों में केवाईसी अपडेट कराने तथा नॉमिनी का नाम अनिवार्य रूप से जुड़वाने की अपील की गई। ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिये भी प्रेरित किया गया। मौके पर गुरुदेव विश्वकर्मा, ऐनुल अंसारी, वार्ड सदस्य श्याम सुंदर राम, ललन राम, रामाश्रय राम, मिथिलेश कुमार भारती, बुधन भुईयां, योगेंद्र भुईयां, ममता देवी, प्रमिला देवी, सोना देवी, फूलमानिया देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खाताधारक उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



हरिहरपुर : ओपी क्षेत्र अंतर्गत डूमरसोता पंचायत में नौ दिनों तक चलने वाले शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुये। गाजे-बाजे और भक्तिमय जयघोष के बीच निकली कलश यात्रा डूमरसोता से औरंगाबाद होते हुये सोन नदी तक पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ का आयोजन पंडित कुंज बिहारी शुक्ला के सानिध्य में संपन्न होगा। यज्ञ के विद्वान पंडित पंकज मिश्रा ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहेगा। प्रतिदिन श्रद्धालुओं को धार्मिक कथा का श्रवण कराया जायेगा, जिससे लोग धर्म और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की। उधर महायज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये यज्ञ समिति के सदस्य जुटे हुये हैं। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

चैनपुर में 12.48 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी में बुधवार शाम वाहन जांच और घेराबंदी के दौरान 12.48 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ लेस्लीगंज के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दोनों युवक गढवा की ओर से आ रहे थे। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी निवासी सुनित कुमार सिंह (22) और करन कुमार (20) के रूप में हुई है। एसडीपीओ सदर राजेश यादव ने गुरुवार को प्रेस रीलिज जारी कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ के अनुसार बुधवार संध्या गश्ती के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक शिवनाथ रंजन को गुप्त सूचना मिली कि गढ़वा की ओर से दो युवक नीले रंग की बाइक (जेएच03एडी5535) पर मादक पदार्थ लेकर चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौक की ओर आ रहे हैं। सूचना के अलोक में मंगरदाहा घाटी में वाहन जांच एवं घेराबंदी की गई। इसी दौरान गढ़वा की ओर से आ रही संदिग्ध बाइक को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उस पर सवार दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में अभियुक्त सुनित कुमार सिंह के जैकेट की जेब से प्लास्टिक सहित कुल 12.48 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। तस्करी में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई टीम में चैनपुर थाना प्रभारी लालजी, पुअनि. शिवनाथ रंजन, राम कुमार उपाध्याय, सअनि. सिंगराय हेम्ब्रम जवान शामिल थे।

छठव्रतियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : अरविंद कुमार गुप्ता



बंशीधर न्यूज

छतरपुर : छतरपुर नगर पंचायत ने लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को नपं अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नपं की टीम ने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई, प्रकाश, पेयजल, बैरिकेडिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम और श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था का जायजा लिया। नगर अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को छठ पर्व से पहले सभी घाटों की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों की सुविधा और सुरक्षा नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी श्रद्धालु को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने घाटों पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनजीत कुमार यादव ने सभी वार्ड पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्र के घाटों की नियमित निगरानी करने की अपील की। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान अंसारी ने बताया कि घाटों पर अस्थायी शौचालय, पेयजल टैंकर और विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। पर्व के दौरान कर्मियों की विशेष ड्यूटी भी लगाई जाएगी। निरीक्षण में नगर प्रबंधक मुर्तजा अंसारी, वार्ड पार्षद मोहम्मद हसीमुद्दीन अंसारी, उमेश कुमार यादव, अब्दुल जलील अंसारी सहित अन्य पार्षद प्रतिनिधि एवं नगर पंचायत कर्मी मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

छठ व्रतियों के बीच आज वितरित की जाएगी आम की सूखी लकड़ी

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर छठ व्रतियों की सुविधा के लिए शुक्रवार को आम की सूखी लकड़ी का वितरण किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे मेंस कांग्रेस, डालटनगंज और इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। वितरण कार्यक्रम शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे से मेदिनीनगर के दो नंबर टीओपी के समीप स्थित माता कमला देवी चिल्ड्रेन शेड में होगा। टीटीई इंस्पेक्टर सह चेकिंग स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव बीएम पांडेय अपने निजी खर्च से पिछले कई वर्षों से छठ व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ी का वितरण करते आ रहे हैं। वे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते रहे हैं। आयोजकों ने छठ व्रतियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर लकड़ी प्राप्त करने की अपील की है। लकड़ी सीमित मात्रा में उपलब्ध रहेगी और इसका वितरण केवल छठ व्रतियों के बीच किया जाएगा। आयोजकों ने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की है।

अध्यात्म सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा की तैयारी जोरों पर

नहाय खाय आज

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा की तैयारी जोरों पर है। चार दिवसीय महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ होगा। साथ ही सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दान के साथ समाप्त होगा। महापर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। छठ व्रत पूजन सामग्री से बाजार पट गया है। छठ पूजन सामग्री की खरीददारी को लेकर दुकानों पर छठ व्रतियों की भीड़ लगने लगी है।

महंगाई पर आस्था भारी

छठ व्रत पूजन सामग्री की आसमान छूती कीमत के बावजूद व्रत को लेकर व्रतियों का उत्साह चरम पर है। छठव्रती अपने सामर्थ्य के अनुसार पूजन सामग्री की खरीददारी में जुटे हुये हैं। बाजार में बांस का सूप, दौरा, पथिया, पंखा, झाड़ू, बाहरी व देशी गुड़, पीतल का सूप, पीतल का टोपिया, पीतल का तस्ला, कल्छुल, पीतल का बाल्टी, पीतल का लोटा, गिलास, कटोरा, फूल का कड़ाही, फूल का लोटा, गिलास, कटोरा आदि के दुकानों पर खरीददारी को लेकर छठ व्रतियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खरीददारी को लेकर पूजन सामग्री व साड़ी दुकानों पर भी सुबह से देर शाम तक भीड़ लग रही है। बांस का सूप 150 रुपये से लेकर 250 रुपये तक, दउरा 350 रुपये से लेकर 450 रुपये तक, पथिया 300 रुपये से लेकर 350 रुपये तक, बांस का पंखा 30 रुपये, झाड़ू 50 रुपये, मिट्टी का ढकनी 30 रुपये से 80 रुपये तक, दीपक 1 रुपये प्रति पीस की दर से बिक रहा है। पीतल का बर्तन 1200 से लेकर 1400 रुपये तथा फूलों का बर्तन 1200 से1300 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

छठ पूजा की तैयारी में जुटे व्रती

शहर से लेकर गांव तक सभी लोग छठ पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। लगातार छठ गीतों के बजने से शहर से लेकर गांव तक का माहौल भक्तिमय हो गया है। चारों तरफ छठ पूजा की तैयारी की धूम मची हुई है। सभी लोग अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार छठ पूजा की तैयारी करने में लगे हुये हैं।

गर्भवती पत्नी व मासूम को छोड़ दुनिया से विदा हुआ पंकज, गांव में पसरा मातम



विश्रामपुर : जिस घर में कुछ दिनों बाद नए मेहमान के आगमन की खुशियां आने वाली थीं, वहां गुरुवार को मातम पसरा था। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हाइवा चालक 28 वर्षीय पंकज प्रजापति का शव पैतृक गांव सेमरी पहुंचते ही परिजनों की चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इकलौते बेटे की मौत से माता पिता बेसुध हो गए। अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों ग्रामीण जुटे। पंकज जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कुदागा गांव में हुए सड़क हादसे का शिकार हुए थे। वह विश्रामपुर थाना क्षेत्र की पंजरी कला पंचायत के सेमरी गांव निवासी उदय प्रजापति के इकलौते पुत्र थे। भाजपा नेता कुश कुमार ओझा ने बताया कि पंकज ही परिवार का सहारा थे। उनकी पत्नी गर्भवती हैं और घर में जल्द ही नए मेहमान का आगमन होने वाला है। उनका ढाई साल का एक बेटा भी है। पंकज की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस पिता को अपने आने वाले बच्चे को गोद में खिलाना था, वह हमेशा के लिए बिछुड़ गया। बेटे की मौत से माता-पिता का बुढ़ापे का सहारा भी छिन गया। गुरुवार को गांव में गमगीन माहौल के बीच पंकज की अंतिम विदाई दी गई।

एसडीओ ने छठ घाट का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश



विश्रामपुर : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रेहला स्थित कोयल नदी छठ घाट पर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं को अर्घ्य अर्पित करने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसे लेकर एसडीएम संजय पांडेय ने घाट का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीपीओ चिरंजीव मंडल, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ तथा ग्रासिम जन सेवा ट्रस्ट के अधिकारी अनिल गिरी और आलोक शुक्ला मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की साफ सफाई, सुरक्षा, रोशनी और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छठ पूजा समिति के सदस्यों से भी तैयारियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मौके पर छठ पूजा समिति के कई सदस्य भी उपस्थित थे।

छठ महापर्व को लेकर मझिआंव थाना प्रभारी ने घाटों का लिया जायजा



मझिआंव : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर मझिआंव पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में थाना प्रभारी अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के कोयल नदी किनारे स्थित पानी टंकी, मेलाघाट, बैलगाड़ी सहित विभिन्न छठ घाटों एवं पूजा स्थलों का अंतिम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने छठ पूजा समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों से मुलाकात कर घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने लाइटिंग की समुचित व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने, यातायात संचालन और वाहनों की पार्किंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से नदी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने पूजा समितियों को प्रशिक्षित तैराकों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ नदी में खतरे वाले स्थानों पर रस्सी और बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और पूरे क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बनाये रखना है।

ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल जब्त



मेदिनीनगर : पलामू में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चैनपुर पुलिस ने दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही होंडा साइन बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार गत बुधवार की शाम गश्ती के दौरान पुअनि शिवनाथ रंजन को सूचना मिली कि गढ़वा की ओर से नीले रंग की बाइक पर सवार दो युवक ब्राउन शुगर लेकर शाहपुर चौक की तरफ आ रहे हैं। वरीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद पुलिस टीम ने मगरदाहा घाटी में वाहन जांच शुरू की। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे, लेकिन जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में सुनित कुमार सिंह की जैकेट से प्लास्टिक सहित 12.48 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव निवासी सुनित कुमार सिंह और रामसागर गांव निवासी करन कुमार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ चैनपुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ राजेश यादव, थाना प्रभारी लालजी और पुअनि शिवनाथ रंजन समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने आम लोगों से नशे के अवैध कारोबार की सूचना देने की अपील की है।

गहरे पानी वाले स्थानों पर लगेंगे रेडियमयुक्त चेतावनी बोर्ड : डीसी

छठ घाटों पर सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं

बंशीधर न्यूज



मेदिनीनगर : जिला प्रशासन ने लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं एसपी कपिल चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी एसडीओ, बीडीओ, सीओ एवं नगर निकाय के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने छठ घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ सफाई और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर डेथ मार्किंग कराने और रेडियमयुक्त चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को खतरे वाले स्थानों की जानकारी मिल सके। साथ ही स्थानीय गोताखोरों की तैनाती और पर्याप्त संख्या में नाव एवं टायर उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद डीसी और एसपी ने सिंगरा स्थित अमानत नदी घाट, टाउन हॉल के समीप कोयल नदी घाट और पंपूकल नदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, यातायात, पार्किंग और श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधाओं का जायजा लिया। पंपूकल नदी घाट पर ग्रामीणों ने कुछ स्थानों पर छह फीट से अधिक गहराई होने की जानकारी दी। इस पर डीसी ने ऐसे सभी स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। मौके पर नगर आयुक्त रंजीत लाल, एसी कुंदन कुमार, सदर एसडीओ संजय पांडेय, सीओ अमरजीत बल्होत्रा , एसडीपीओ राजेश यादव, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार और ट्रैफिक प्रभारी रुद्रानंद सरस मौजूद थे।

एसटीपी प्लांट और डंपिंग यार्ड के विरोध में तोलरा के ग्रामीणों की आपात बैठक



ग्रामीण बोले जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे

बंशीधर न्यूज

विश्रामपुर : तोलरा पंचायत में प्रस्तावित एसटीपी प्लांट और डंपिंग यार्ड के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को विष्णु मंदिर परिसर में मुखिया रोहित कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की आपात बैठक हुई। इसमें प्रस्तावित स्थल पर निर्माण का विरोध करते हुए विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई और संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपकर काम रोकने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित स्थल के करीब 200 मीटर की दूरी पर हाईस्कूल है, जहां लगभग 500 बच्चे पढ़ते हैं। वहीं, 250 मीटर पर तोलरा रेलवे स्टेशन और महज 10 मीटर की दूरी पर दो लेन की सड़क है। ऐसे में डंपिंग यार्ड से विद्यार्थियों, यात्रियों और राहगीरों को परेशानी होगी। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि शहर से 15 किलोमीटर दूर तोलरा में ही इस योजना को क्यों स्थापित किया जा रहा है। जमीन मालिक लव तिवारी, तुलसी तिवारी और कमल तिवारी ने बताया कि संबंधित जमीन रैयती है। पिछले वर्ष चार नवंबर को सीओ राकेश तिवारी ने खाता संख्या 204, प्लॉट संख्या 137 का निरीक्षण कर दस्तावेज देखा था। उनके अनुसार, सीओ ने दूसरे स्थल की तलाश करने की बात कही थी। मुखिया ने कहा कि पंचायत में एसटीपी प्लांट और डंपिंग यार्ड नहीं बनने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि निर्माण कार्य शुरू हुआ तो वे स्थल पर पहुंचकर विरोध करेंगे। रेहला थाना और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को भी आवेदन दिया गया है। बैठक में कौशल तिवारी, गोकुल तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

झामुमो नेता दीपक तिवारी को मातृ शोक

मेदिनीनगर। झामुमो नेता सह समाजसेवी एवं सेवादार दीपक तिवारी की मां सरोज देवी का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हर्ट अटैक होने के कारण वे पिछले तीन दिनों से नारायणा अस्पताल में भर्ती थीं। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए गुरुवार को उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पैतृक गांव रेड़मा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मेदिनीनगर के अनेक गणमान्य लोगों ने दीपक तिवारी के आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सरोज देवी अपने पीछे दो पुत्र, चार पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार पंपूकल स्थित कोयल नदी घाट पर किया गया।

मेदिनीनगर के 26 छठ घाटों की सफाई में जुटा नगर निगम

मेदिनीनगर। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कोयल नदी तट के निराला घाट, कांदु मुहल्ला, बेलवाटिका पंपुकल, नावाटोली इंसानियत घाट, विशुन साव घाट, श्री चित्रगुप्त मंदिर घाट, कोयल रिवर फ्रंट सहित 26 छठ घाटों की विशेष सफाई करायी जा रही है। निगम क्षेत्र के सभी घाटों, पहुंच मार्गों और सीढ़ियों की सफाई में नगर निगम प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने गुरुवार को बताया कि महापर्व छठ को लेकर सभी घाटों की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी है। इस कार्य में चार जेसीबी मशीन और करीब 200 सफाईकर्मियों को लगाया गया है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि अमानत नदी घाट, कोयल रिवर फ्रंट, शाहपुर, चैनपुर, हमीदगंज सूर्य मंदिर घाट सहित अन्य छठ घाटों पर व्रतियों की सुविधा के लिए 40 से अधिक अस्थायी चेंजिंग रूम बनाये जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर कोयल रिवर फ्रंट की टूटी रेलिंग की जगह बैरिकेडिंग की जा रही है।

गढ़वा ▶ राशन वितरण में कोताही पर डीसी की दो टूक

अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : जिले में राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और दुरुस्त बनाने को लेकर डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद्यान्न के उठाव, भंडारण और वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई होगी। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, राशन वितरण, लाभुकों के ई-केवाईसी, आधार एवं मोबाईल सीडिंग, जाति अपडेट तथा धोती-साड़ी-लूंगी वितरण योजना की समीक्षा की गई। डीएसओ देवानंद राम ने बताया कि अक्टूबर 2026 तक एनएफएसए के तहत जिले में 94.16 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया गया है। जबकि जेएसएफएसएस (ग्रीन) के तहत शत-प्रतिशत वितरण हुआ है। कुछ प्रखंडों में चना दाल और नमक का वितरण नहीं होने पर डीसी ने नाराजगी जताते हुये संबंधित एमओ को शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर भी डीसी ने असंतोष जताया। अधिकारियों ने एसआईआर कार्य में व्यस्तता को इसका कारण बताया। इस पर लंबित कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने संदिग्ध आधार, डुप्लीकेट राशन कार्ड और अपात्र लाभुकों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एजीआरएस और राईटफुल टारगेटिंग केपीआई की भी समीक्षा हुई। मौके पर डीएसओ देवानंद राम, सभी एमओ तथा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

हाईकोर्ट के आदेश पर प्रभार लेने पहुंचीं अर्चना, कॉलेज में लटका मिला ताला



विश्रामपुर : रेहला स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में प्राचार्य के प्रभार को लेकर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुपालन में पूर्व प्राचार्य अर्चना कुमारी प्रभार लेने पहुंचीं, लेकिन निवर्तमान प्राचार्य रेणु कुमारी कार्यालय और सभी वर्ग कक्षों में ताला लगाकर गायब मिलीं। इससे कॉलेज में कामकाज और पढ़ाई प्रभावित हुई। कर्मचारियों को पेड़ के नीचे बैठकर ड्यूटी करनी पड़ी। कॉलेज में शासी निकाय के गठन और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। जैक ने इसी वर्ष 21 मई को आदेश जारी कर अर्चना कुमारी को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी देने का निर्देश दिया था। हालांकि, 27 मई को जारी दूसरे आदेश में रेणु कुमारी को प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया। अर्चना कुमारी ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। 13 अक्टूबर को न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने 27 मई के आदेश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। इसके बाद जैक ने 27 अक्टूबर को 21 मई के आदेश को प्रभावी माना। इसी आधार पर अर्चना कुमारी प्रभार लेने पहुंचीं। अर्चना कुमारी ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना हुई है। वे दोबारा हाईकोर्ट जाएंगी। मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को निर्धारित है। विवाद के कारण कर्मचारियों का वेतन भी कई महीनों से लंबित होने का आरोप है।

कधवन के समीप हाइवे पर बड़ा हादसा टला, बाल बाल बचे ड्राइवर व खलासी



विश्रामपुर : एनएच 39 पर पिपरा बाजार के समीप साइड लेने में अनियंत्रित होकर एक ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए उस पर ऊपर चढ़ गई। इस हादसे में ट्रक के चालक व खलासी बाल बाल बच गए हैं। घटना गुरुवार करीब तीन बजे दिन की है। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि दो ट्रक एक ही लेन से काफी तीव्र गति से जा रही थी इसी दौरान साइड लेने के क्रम में एक ट्रक (सीजी 04 पी डी 9526) अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए उस पर चढ़ गई। इस घटना में ट्रक का टायर फटने से भयंकर आवाज हुआ। गनीमत रहा कि गाड़ी आगे बढ़कर दूसरे लेन तक नहीं पहुंची अन्यथा कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस को इसकी जानकारी मिलती इसके पहले ही ड्राइवर खलासी उसे क्रेन के सहारे निकालकर चलते बने।

सनराईज क्रिकेट क्लब ने उजाला क्रिकेट क्लब को 69 रनों से हराया

यश राज बने मैन ऑफ द मैच

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : जिला क्रिकेट लीग का पांचवां मुकाबला आज सनराईज क्रिकेट क्लब एवं उजाला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मुकाबले में सनराईज क्रिकेट क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये उजाला क्रिकेट क्लब को 69 रनों से पराजित कर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराईज क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाये। टीम की ओर से यश राज ने शानदार 85 रन, दिव्य रंजन ने 55 रन और अमन राज चौहान ने 25 रनों का योगदान दिया। वहीं उजाला क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुये सुमंत कुमार सिंह ने 5 विकेट और अरुणीश राज ने 2 विकेट हासिल किये। 238 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उजाला क्रिकेट क्लब की टीम 26.2 ओवर में 168 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह सनराईज क्रिकेट क्लब ने 69 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।सनराईज क्रिकेट क्लब की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुये अभिषेक कुमार दुबे ने 5 विकेट झटके। जबकि अमन राज चौहान ने 3 विकेट हासिल किये। मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले यश राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें धर्मेंद्र कुमार पाल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

कांडी में शिक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

4.57 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास

बंशीधर न्यूज



कांडी : प्रखंड क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर गुरुवार को बड़ी पहल की गई। झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तहत कुल 4 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत तीन भवन निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया। इन योजनाओं के पूरा होने से छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी। जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांडी में 2 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से छात्रावास भवन का निर्माण होगा। वहीं, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारीकला में 1 करोड़ 11 लाख तथा आरके प्लस टू उच्च विद्यालय गरदाहा में 1 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से आठ-आठ अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनाये जाएंगे। इस प्रकार दोनों विद्यालयों में कुल 16 नये कमरे बनेंगे। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये आधारभूत सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। इन योजनाओं के पूरा होने से विद्यालयों में कक्षा संचालन सुचारु होगा और विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान आरके प्लस टू उच्च विद्यालय गरदाहा में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का मुद्दा भी उठा। विद्यालय की संपत्ति की सुरक्षा के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाने और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा हुई। शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से विद्यालय के संसाधनों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि इन विकास योजनाओं को सांसद विष्णु दयाल राम और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं सामंजस्य से स्वीकृति मिली है। हालांकि शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद उपस्थित नहीं थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि आतिश सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया अरुण राम, अभिनंदन शर्मा, जगदीश यादव, डॉ अनिल प्रसाद, सुजीत दुबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विश्रामपुर : पुलिस ने 9 वारंटियों को किया गिरफ्तार



विश्रामपुर : समकालीन अभियान के तहत विश्रामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें टोना गांव के दो और चोरटिया गांव के सात आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने 12 नवंबर को प्रेसवार्ता में बताया कि लंबित गैर जमानती वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में दोनों गांवों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में टोना गांव निवासी अरुण कहार उर्फ अरुण कुमार चंद्रवंशी और राजेश भुइयां शामिल हैं। वहीं, चोरटिया गांव से राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजेंद्र साव, राजू प्रसाद उर्फ राजू साव और अवधेश साव, सुनील प्रसाद साव उर्फ सुनील साव, अनिल प्रसाद गुप्ता उर्फ अनिल साव, दीपक साव तथा श्रीकांत साव को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि लंबित वारंटों के निष्पादन और अपराध नियंत्रण के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।



'टॉक्सिक' के दृश्यों को लेकर कियारा आडवाणी ने दी सफाई

मुंबई। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म 'टॉक्सिक' में यश के साथ अपने इंटीमेट सीन को लेकर हुई आलोचनाओं पर पहली बार खुलकर बात की है। 'कॉफी विद करण' के नौवें सीजन में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ पहुंचीं कियारा ने बताया कि सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग का उन पर कोई खास असर नहीं पड़ा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले को लेकर सिद्धार्थ कभी परेशान नहीं हुए और न ही उन्होंने इस बारे में उनसे कोई सवाल किया। करण जौहर से बातचीत के दौरान कियारा ने कहा कि सिद्धार्थ को इस बात से कोई परेशानी नहीं थी। उन्होंने न तो कभी इस मुद्दे को उठाया और न ही दोनों के बीच इस विषय पर कोई चर्चा हुई। कियारा के मुताबिक, सिद्धार्थ ने इस मामले को लेकर कभी चिंता जाहिर नहीं की। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं को इस तरह की आलोचनाओं का सामना लंबे समय से करना पड़ रहा है। उन्होंने ऐश्वर्या राय बच्चन सहित कई अभिनेत्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियां दशकों से बनी हुई हैं। कियारा ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर हो रही आलोचनाओं को लेकर सफाई देने की जरूरत महसूस नहीं हुई। उनके मुताबिक, इंटरनेट पर कई लोग पहले ही इस तरह के दोहरे रवैये के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। बता दें कि यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 248.37 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

महेश भट्ट के तारीफ भरे शब्दों ने अनुपम खेर को किया भावुक



मुंबई। अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों फिल्म 'रामायणः भाग 1' में जटायु को दी गई अपनी आवाज को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें एक भावुक पत्र लिखकर उनके चार दशक से अधिक लंबे अभिनय सफर की सराहना की है। फिल्म 'सारांश' में बी.वी. प्रधान के किरदार से लेकर 'रामायण' में जटायु को आवाज देने तक के उनके सफर का जिक्र करते हुए महेश भट्ट ने उनके काम की तारीफ की। यह पत्र मिलने के बाद अनुपम भावुक हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर कीं। अनुपम ने महेश भट्ट का पत्र शेयर करते हुए लिखा कि वह आज दुनिया के सबसे खुश इंसान हैं। उन्होंने बताया कि महेश भट्ट का संदेश अचानक आया और वह इसके लिए तैयार नहीं थे। अभिनेता के मुताबिक, पत्र पढ़कर वह बेहद भावुक और कृतज्ञ महसूस कर रहे थे। उन्होंने इसे अपने 42 साल के अभिनय सफर का सबसे खूबसूरत प्रमाणपत्र बताया। अनुपम ने महेश भट्ट को केवल अपनी पहली फिल्म 'सारांश' का निर्देशक ही नहीं, बल्कि अपना मार्गदर्शक, दोस्त और शिक्षक भी बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने उनके लिए सिनेमा के दरवाजे खोले, उससे इस तरह का सम्मान मिलना उनके लिए बेहद खास है। अभिनेता ने महेश भट्ट का आभार जताते हुए कहा कि वह आगे भी ऐसा काम करते रहेंगे, जिससे फिल्ममेकर को उन पर गर्व हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में उनके काम को देखकर भट्ट एक बार फिर इसी तरह प्रशंसा भरा पत्र लिखेंगे।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में इमारत ढही, आठ की मौत, 19 घायल



झामुमो नेताओं ने सत्येन्द्र तिवारी पर लगाया आरोप, कहा

पूर्व मंत्री की स्वीकृत योजनाओं का श्रेय ले रहे गढ़वा विधायक

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : झामुमो के नेताओं ने विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकाल में स्वीकृत विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राजनीतिक श्रेय लेने का आरोप लगाया है। गुरुवार को कल्याणपुर स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में नेताओं ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत योजनाएं अभी भी धरातल पर उतर रही हैं। विधायक को फिलहाल वर्ष 2027 के अंत तक नई योजनाओं की स्वीकृति दिलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बशर्ते वे चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न न करें। झामुमो नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक विद्यालयों में तीन अतिरिक्त कमरों के निर्माण का शिलान्यास कर उसे केंद्र सरकार की योजना बताकर प्रचारित कर रहे हैं। जबकि जिले में विकास कार्यों के लिये राज्य सरकार और जिला अनाबद्ध निधि की राशि खर्च की जा रही है। जिस विद्यालय में हाल में शिलान्यास हुआ, वहां प्लस-टू की पढ़ाई पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से शुरू हुई थी। नेताओं ने विधायक को चुनौती देते हुये कहा कि वे एक भी ऐसी योजना प्रमाणित करें, जो केंद्र सरकार से स्वीकृत होकर आई हो। प्रेसवार्ता में नेताओं ने सत्येंद्रनाथ तिवारी के 2014 से 2019 तक के कार्यकाल पर भी सवाल उठाये। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान कई विद्यालय बंद कर दिये गये थे, जिससे प्राथमिक कक्षा के बच्चों को पढ़ने के लिये पांच किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ता था। पारा शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया और कई शिक्षकों पर मुकदमे दर्ज किये गये। झामुमो नेताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री के कार्यकाल में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन सीबीएसई की तर्ज पर शुरू हुआ। रामासाहू उच्च विद्यालय, कन्या उच्च विद्यालय सहित कई संस्थानों को बेहतर सुविधाओं के लिये राशि उपलब्ध कराई गई। कई विद्यालयों को प्लस-टू का दर्जा भी दिलाया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति धीमी हुई है। विधायक दो किलोमीटर सड़क सहित नई योजनाओं को स्वीकृति दिलाने में प्रभावी पहल नहीं कर सके हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब राजनीतिक दिखावे, झूठे प्रचार और जाति-धर्म की राजनीति को समझ चुकी है। प्रेसवार्ता में झामुमो मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, शरीफ अंसारी, चंदन जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता, मनीष कमलापुरी, अरविंद यादव, आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।

ड्राईवरों ने मेराल में निकाली स्टीयरिंग छोड़ो रैली, मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



मेराल : अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर गुरुवार को मेराल में ड्राईवरों ने स्टीयरिंग छोड़ो सांकेतिक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया ड्राईवर जॉइंट कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में जिले भर से पहुंचे चालकों ने एकजुटता दिखाते हुये सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान चालक ड्राईवर एकता जिंदाबाद, शोषण बंद करो और हमारी मांगें पूरी करो के नारे लगा रहे थे। आंदोलनकारियों ने एनएच-39 पर गोंदा में एप्रोच सड़क के समीप व्यावसायिक वाहनों के चालकों को रोककर आंदोलन की जानकारी दी। इसके बाद कई ट्रक चालकों ने अपने वाहन खड़े कर प्रदर्शन में भाग लिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि छोटी और निजी गाड़ियों का आवागमन बाधित नहीं किया गया।

छठ पूजा की तैयारियों का विधायक व थाना प्रभारी ने लिया जायजा



कांडी : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने को लेकर कांडी थाना पुलिस और मां सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल विकास समिति सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रसिद्ध मां सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल स्थित छठ घाट एवं पूजा आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विधायक नरेश प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंह और समिति के सचिव मुरलीधर मिश्र सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुये। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से बातचीत कर पर्याप्त रोशनी, भीड़ नियंत्रण, सुचारू यातायात और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक सुझाव दिये। साथ ही सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने जलाशय में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने और प्रशिक्षित तैराकों की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विधायक और समिति के सचिव मुरलीधर मिश्र ने भी घाट पर स्वच्छता, प्रकाश, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये अपने सुझाव रखे। मौके पर समिति के पदाधिकारी, कई दर्जन सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक डिजाईनों के साथ नये कलेवर में खुला सोना महल



गढ़वा : शहर के पुरानी बाजार स्थित प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान सोना महल का रिओपनिंग उद्घाटन सह सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता चंचला ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पंडित ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठान की सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सोना महल का गढ़वा से पुराना रिश्ता रहा है। वर्ष 1998 से ग्राहकों का विश्वास जीत रहा यह प्रतिष्ठान अब नये और आकर्षक स्वरूप में लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायेगा। अब लोगों को आभूषणों की खरीदारी के लिये रांची, पटना और वाराणसी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं चंचला ठाकुर ने प्रतिष्ठान की 28 वर्षों की विश्वसनीयता की सराहना करते हुये उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रोपराईटर राजेश बाबू सर्राफ ने कहा कि शुद्धता और पारदर्शिता प्रतिष्ठान की प्राथमिकता रही है। यहां 22 और 18 कैरेट के सोने के आभूषणों के साथ आधुनिक एवं पारंपरिक डिजाईन की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। मौके पर राहुल बाबू सर्राफ, सीमा केशरी, दीपा केशरी, किरण केशरी, अनीता केशरी, सोमनाथ केशरी, सौम्या ठाकुर, दृष्टि ठाकुर, संतोष केशरी, आनंद प्रकाश दुबे, मनीष कमलापुरी, दिवाकर सिन्हा, प्रदीप केशरी, कमल किशोर चौबे, बूटन बाबू सर्राफ, डॉ एमपी गुप्ता, विजय केशरी, अजय केशरी, आशीष अग्रवाल, मासूम खान, दिलीप गुप्ता, चंदन जायसवाल, राजेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

झारखंड की विकास यात्रा से रूबरू हुये विद्यार्थी

विकसित राज्य बनाने का लिया संकल्प

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट प्लस टू स्कूल के सभागार में झारखंड राज्य की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की विकास यात्रा पर विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। सीबीएसई की ओर से 1 से 15 नवंबर तक आयोजित जनजातीय गौरव कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को झारखंड के इतिहास, संस्कृति और विकास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर झारखंड एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के दिन राज्य की स्थापना होना इसे और गौरवशाली बनाता है। यह दिन लंबे संघर्ष, त्याग और सपनों की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है। यहां कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट और अभ्रक जैसे बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद और रांची औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र हैं। पिछले वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, संचार और परिवहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलमा, दिनेश कुमार, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, नीलिमा कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, पूजा प्रकाश, हीरामन मेहता, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)